तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 निगम ने किसान की जमीन पर बना दिया नाला...




12 लोक अदालत विवादों के समाधान का बेहतर माध्यम...



## खबर संक्षेप

### सिरौदखुर्द के कोटवार को सेवा भूमि दिलाई गई



**धमतरी।** कुकरेल तहसील अंतर्गत ग्राम सिरौदखुर्द के कोटवार गुहलेदराम को कब्जा जमा चुके दूसरे व्यक्ति से सेवा भूमि दिलाई गई। तहसीलदार प्रेमूलाल साहू के आदेशानुसार राजस्व निरीक्षक संजय सोनी, पटवारी कुशल कुंजाम, कोटवार संघ जिलाध्यक्ष सुरेशदास मानिकपुरी, केरेगांव थाना प्रभारी श्री डड़सेना, कोटवार भुनेश्वरदास, सुदर्शन, योगीराम, सोहन यादव, प्रवीणकुमार, ग्राम पटेल प्यारेलाल एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कब्जा दिलाया गया।

### कुसुमलता को मिली पीएचडी की उपाधि

**बगदेही(धमतरी)।** कुरूद महाविद्यालय की छात्रा कुसुमलता को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)



बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। वह डाभा निवासी स्व. लक्ष्यकुमार-यशोमती गायकवाड़ की पुत्री हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य जैव प्रोद्योगिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष कुमार के निर्देशन में पूरा किया। उनका शोध का विषय स्टडी ऑन एजो डाई बायोरेमिडियल पोटेंशियल ऑफ बैक्टिरिया आइसोलटेड फ्रॉम छत्तीसगढ़ रीजन था।

### दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव 24 को

**अंवरी।** तहसील साहू समाज कुरुद, सभी परिक्षेत्र व ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में भामाशाह जयंती महोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन 24 अप्रैल को पुराना कृषि मंडी प्रांगण कुरूद में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री, प्रमुख अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष छग राज्य भंडार निगम, ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री होंगे। अध्यक्षता अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ करेंगे। विशेष अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, मालकराम साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू छग, देवव्रत साहू उपाध्यक्ष नपं कुरूद, चित्तरंजन साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छग, अरुण सार्वा अध्यक्ष जिपं धमतरी, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं, तोरणलाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, रघुनंदन साहू पूर्व अध्यक्ष जिपं धमतरी, श्रीमती केकती साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ होंगे।

### सरपंच, उपसरपंच सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# गिरौद रेत खदान बंद कराने ग्रामीणों का प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में गिरौद के ग्रामीणों ने रेत उत्खनन को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। गिरौद से भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में खूब हंगामा करने के बाद प्रशासन को चेतावनी दी है कि रेत उत्खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत गिरौद के लेटरपेड में सरपंच सहित अनेक ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में कलेक्टर से कहा है कि उनके गांव के नदी किनारे का भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसी स्थान पर मवेशियों का चारागाह है। गिरौद में दो खदान रायगढ़ के ठेकेदार के नाम एलाट है। जहां रेत का उत्खनन मनमाने तरीके से किया जा रहा है। गांव में रेत खदान के कारण कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रेत खदान के लिए ग्रामसभा में कब प्रस्ताव दिया गया है तथा अनुमोदन कब हुआ है, इसकी जानकारी किसी ग्रामीण को नहीं है। रेत उत्खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई है।

#### रेत खदानों से अवैध परिवहन की मजबूरी

खदानों से रेत परिवहन करने वाले हाइवा संचालकों ने बताया कि रेत खदानों में प्रशासन का कोई बस नहीं रहा। 50 रूपये घनमीटर की रायल्टी को 250 रुपये घनमीटर में दिया जा रहा है। जिसके चलते सप्लायरों को अवैध परिवहन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसी तरह चेन माउंटेन मशीन से लोडिंग का चार्ज तीन से चार गुना महंगा है। कहा जा रहा है कि रेत सिंडीकेट के सामने प्रशासन नतमस्तक हो गया है।

कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के दौरान गिरौद सरपंच टलेश्वरराम साहू, उपसरपंच लुकेश साहू, जुगल साहू, देवकी, उमा, भुनेश्वरी, मानकुंवर, रोशनी, केशर, कमला, विद्या निषाद, राधिका निषाद, तुलसी साहू, रामायण यादव, अमरीकाबाई, चमेलीबाई, मंशाराम, अजय कुमार, जीवराखन, दीनदयाल, दुकालु, डोमन, घनश्याम साहू, मोहनदास, कमलनारायण, गिरजा, नूतन आदि मौजूद रहे।

# तीन दिन से लापता महिला का शव खेत में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




घर से तीन दिन पहले निकली महिला का शव घर से दो किमी दूर सिलौटी-सौराबांधा के खेत में मिला है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह एक किसान ग्राम सिलौटी व सौराबांधा स्थित अपने खेत गया था। उसने एक महिला का शव देखा। घटना की सूचना तत्काल भखारा पुलिस को दी। पुलिस व एफएसएल की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। शव की पहचान ग्राम सौराबांधा निवासी दुर्गा साहू उम्र 43 वर्ष के रूप में की गई। पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि महिला शुक्रवार को घर से निकली थी, जो वापस नहीं लौटी । परिजनों द्वारा लापता महिला की लगातार तलाश की जा रही थी। उक्त महिला रविवार की सुबह खेत में मृत पाई गई। पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल एवं शव निरीक्षण में महिला के शरीर पर किसी प्रकार के चोट या मारपीट के निशान नहीं पाए। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रख जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

■ ग्राम सिलौटी-सौराबांधा की घटना

### फायर ब्रिगेड की टीम ने काबू पाया

# चखना सेंटर में रखे सिलेंडर में लगी आग





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शराब दुकान के पास स्थित चखना सेंटर में उपयोग किए जा रहे सिलेंडर से अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम किसी तरह सिलेंडर की आग बुझाने में सफल हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार रत्नाबांधा रोड स्थित शराब दुकान के पास चखना सेंटर संचालित है जहां सोमवार की दोपहर कस्टमर के लिए अंडा बनाया जा रहा था। इस दौरान लीकेज होने के कारण सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में आग लगी देख खोमचा के कर्मचारियों व आसपास हड़कंप मच गया। सिलेंडर फटने की आशंका के चलते खोमचा के कर्मचारियों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम बिना समय गवाएं फायर ब्रिगेड के वाहन के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंची। दमकल के फायरमेन अरूण यादव, राजेश हिरवानी, गितेश पवार, भरत ठाकुर, भगवानदास, चंद्रकुमार कुर्रे व चालक दिलीप निषाद ने सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाया। आग के बुझने से कर्मचारियों व आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

#### घरेलू सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग

शादी विवाह, होटल, खोमचा, ठेला में कामर्शियल सिलेंडर की बजाय घरेलू सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। सिलेंडर में आग लगने की घटना रविवार की शाम ग्राम लोहरसी में भी हुई थी जहां शादी कार्यक्रम में खाना बनाने में घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था। इसी तरह सोमवार की घटना में खोमचा में भी घरेलू सिलेंडर का उपयोग हो रहा था।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


### अधिकारियों से अधीनस्थ थानों व चौकियों की ली जानकारी

# नवपदस्थ एसपी सूरज सिंह ने लिया चार्ज





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के नवपदस्थ एसपी सूरजसिंह परिहार ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक धमतरी का पदभार ग्रहण किया। वहीं अधिकारियों से मुलाकात कर अधीनस्थ थानों व चौकियों की जानकारी ली।

ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा आंजनेय वार्ष्णेय को जिला बिलाईगढ़-सारंगढ़ का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। उनके स्थान पर सूरज सिंह परिहार धमतरी पुलिस अधीक्षक होंगे। पदस्थापना आदेश पश्चात सोमवार की दोपहर को एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार को पदभार सौंपा। नवपदस्थ एसपी को सर्वप्रथम गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यभार संभालने के बाद एसपी सूरज सिंह परिहार जिले के राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधीनस्थ थानों व चौकियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत हुए। एसपी ने बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने और अपराधों की रोकथाम व निराकरण करने की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिया।

एसपी सूरज सिंह परिहार वर्ष 2015 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। इससे पूर्व कोरिया जिला एवं नवगठित जिला गौरेला-पेंड्रा-मारवाही के प्रथम पुलिस अधीक्षक एवं राज्यपाल एडीसी के पद पर कार्य कर चुके हैं।

इस दौरान एएसपी मणिशंकर चंद्रा, नगरी एसडीओपी शैलेन्द्र पाण्डेय, डीएसपी सुश्री मीना साहू, सुश्री मोनिका मरावी, एसडीओपी रागिनी मिश्रा, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित सभी राजपत्रित अधिकारी व पुलिस कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह मई 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____


### नवागांव के साहू समाज भवन में टाइल्स और शौचालय निर्माण का भूमिपूजन

# भामाशाह के जीवन से हमें समाज की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विधायक ओंकार साहू दानवीर भामाशाह जयंती पर ग्राम नवागांव ( कंडेल ) पहुंचे। उन्होंने साहू समाज भवन में टाइल्स और शौचालय निर्माण का भूमिपूजन किया। वहां ग्रामीण साहू समाज द्वारा नेत्रदान व रक्तदान करने वालों का सम्मान किया गया। सैकड़ों लोगों ने रक्तदान कर व 5 लोगों ने नेत्रदान कर दानवीर भामाशाह की जयंती को सफल बनाया । पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि दानवीर भामाशाह की जीवन गाथा आज समाज में परिचय की मोहताज नहीं है। उनकी दानवीरता के कारण समाज के हर मंच पर बड़े सम्मान के साथ उन्हें याद किया जाता है। भामाशाह के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्रहित में काम करना है । मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू, लखन लाल ध्रुव सरपंच, श्रीमती दिनेश्वरी साहू जनपद सदस्य, ऋषभ ठाकुर पार्षद, चितेंद साहू पार्षद, धर्मेंद्र पटेल एनएसयूआई , लीलाराम साहू, मनराखन साहू, माखन साहू, दिलीप साहू, उर्वशी साहू, यशोमति साहू, राही साहू, लीलाराम कुर्रे, शिवकुमार साहू, देवानन्द साहू, रेखराम साहू, अशोक साहू, अशोक कुमार साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### आत्मांनद स्कूल में प्रवेश के लिए 5 मई तक अंतिम मौका

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में संचालित सेजेस दुर्गुकोंदल एवं कोड़ेखुर्से सहित प्रदेश के समस्त स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2025-26 प्रवेश के लिए 10 अप्रैल से 5 मई तक तिथि निर्धारित की गई हैं। आवेदन अधिक होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट का आवंटन 6 से 10 मई तक किया जाएगा। विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से किसी एक सेजेस विद्यालय के लिए आवेदन कर सकते हैं। लोक शिक्षण संचनालय रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रवेश निर्देशानुसार महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी से अनाथ हुए बच्चों को प्रवेश में विशेष प्राथमिकता दिया जाएगा।

### ईलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम


**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बरदेभाटा निवासी 40 वर्षीय रूपेंद्र यादव का ईलाज के दौरान 20 अप्रैल को सुबह 5 बजें जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था, ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सिरसिदा में शिविर आयोजित, जाति- निवास बनाने मिले 20 आवेदन

**कांकेर।** 21 अप्रैल को राजस्व अनुभाग चारामा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन सिरसिदा में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व पखवाड़ा शिविर आयोजित करने के पीछे सरकार की मंशा है कि प्रशासन स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचे उनकी समस्या सुने और उनकी समस्याओं का मौके पर ही त्वरित रुप से निराकरण करे। आयोजित शिविर में ग्राम पटवारी हल्का कसावाही, डोकला, माहुद, गिरहोला, आंवरी, डेढ़कोहका, कुरुटोला, साल्हेटोला, चारभाठा, चांवड़ी, सिरसिदा, दरगहन, जैसाकर्रा, नवागांव सराधू, गोलकुम्हड़ा, बारगरी, मूडखुसरा सहित पटवारी हल्का क्षेत्र के किसान उपस्थित होकर राजस्व संबंधी कार्य के निपटारा के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कुल 20 आवेदन प्रस्तुत किए गए। प्राप्त सभी आवेदनों को राजस्व शिविर में ही पटवारियों ने भरकर किसानों को दे दिया है।

### अवैध रेत परिवन करने के दौरान ट्रैक्टर ने दो महिला को मारी टक्कर

**पखांजुर।** अवैध रेत परिवहन करते हुए तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीव्ही 15 शिव मंदिर के पास दो महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से एक महिला के



कंधे की हड्डी हड्डी टूटी गई और दूसरी महिला का हालत गंभीर बताया जा रहा है। रात के अंधेरे में रेत परिवहन का कार्य जोरो पर रहता है। घायल दोनों महिला पीव्ही 41 की है, जो शादी कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए जा रही थी। घायल महिलाओं को राहगीरो ने पखांजुर अस्पताल पहुंचाया है। अवैध रेत के परिवहन और उत्खनन की शिकायत लगातार स्थानीय प्रशासन को किया जा रहा है, परंतु स्थानीय प्रशासन ने मौन साध लिया है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

कोसमर्रा में हुआ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज का वार्षिक सम्मेलन

# सरल व प्रकृति को पूजने वाला है आदिवासी समाज : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भखारा तहसील के ग्राम कोसमर्रा में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ। समाज के उत्कृष्ट लोगों का सम्मान कर वार्षिक आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत कर विभिन्न प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान अतिथियों ने समाज के गौरवशाली परंपरा की सराहना की।

बतौर विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने कहा कि आदिवासी समाज बहुत ही सरल और प्रकृति शक्ति को पूजने वाला है। यह समाज अपनी गौरवशाली परंपरा के लिए आज भी सम्मानित हो रहा है। आज भारत के राष्ट्रपति पद पर आदिवासी समाज की महिला सुशोभित हैं और




छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री है। यह गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की अगुवाई में आज जनजातीय समाज के विकास के लिए प्रदेश में बहुत अच्छा वातावरण है। छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आदिवासी समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे उम्मीद है कि समाज के नवनिहाल, युवा व महिलाएं शासन की हर एक योजना का लाभ उठा जरूर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे।

इस अवसर पर जीवराखन मरई अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष कुरुद, श्रीमती सिंधु बैस, सभापति जनपद पंचायत कुरुद, ठाकुरराम नेताम अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज तहसील भखारा, ललित ठाकुर अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज कुरूद, नरोत्तम सिंह पढ़ोटी, केवल सिंह नेताम, बालसिंह नेती, कुलंजन सिंह मण्डावी, लाकेश्वर नेताम, कुलेश्वर साहू सरपंच कोसमर्रा, हेमलाल चांवरे उपसरपंच, श्रीमती सरिता बैस सरपंच सिहाद, सुग्रीव नेताम के अलावा सामाजिक पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एक माह के आंदोलन के बाद सचिव काम पर लौटे

- प्रदेश सरकार से मिला मांग को पूरा करने का आश्वासन, 17 मार्च से थे हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पिछले 17 मार्च से अनिश्चित कालीन हडताल पर रहे ग्राम पंचायत सचिव अब सोमवार से अपने काम पर लौट आए। विगत सप्ताहभर से राज्य शासन और सचिव संघ से चर्चा जारी थी। शुक्रवार को सचिवों के प्रदेश संगठन ने राज्य शासन से मुलाकात की थी। जिस पर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन मिला है। इसके लिए कमेटी गठित की गई है। कमेटी की जांच के आधार पर सरकार निर्णय लेगी।

बीते 17 मार्च से शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने प्रदेश सरकार से आश्वासन मिलने के बाद अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में



किए गए वादे को पूरा करने के लिए पंचायत सचिवों द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल की गई थी। इस बीच प्रदेश सरकार से बातचीत का दौर भी जारी था। पंचायत सचिवों के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से अपनी मांग को लेकर सकारात्मक चर्चा की जिसमें पंचायत सचिवों की मांगों पर सहमति बनी और प्रदेशभर में पंचायत सचिवों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त कर दिया है। इस दौरान अनित ध्रुव, बुधराम नेताम, मदन सेन, आसतराम समरथ, गैंदलाल साहू, बिंदेश्वर यादव, थानसिंह देवांगन, हुलेश प्रजापति, रामकुमार एल्मा, प्रभुलाल मौजूद थे।

वर्तमान में सुशासन तिहार एवं अन्य योजना से संबंधित कार्यों का संचालन ग्रामीण स्तर पर होगा। पंचायत सचिवों के हड़ताल से लौटने के बाद उन्हें सुशासन तिहार जीपीडीपी का निर्माण, आवास सर्वे का कार्य, ग्राम पंचायत की बैठक, 31 मार्च की स्थिति में रोकड़ बहीखाता का ऑनलाइन समेत अन्य कार्यों को समय पर पूरा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# दादी जी का योगयुक्त जीवन सबके किए प्रेरणादायी : भावना

- राजऋषि भवन में राजयोगिनी रतनमोहिनी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नगरी द्वारा राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर बीके नगरी की संचालिका भावना ने कहा कि दादी यज्ञ का आधार स्तंभ थी। उनका योगयुक्त जीवन सबके किए प्रेरणादायी है। दादी जी निरंतर शिव बाबा की याद में रहती थी जिससे उनका जीवन हजारों लोगों के लिए तपस्या की एक मिसाल बन गई। दादीजी यज्ञ के प्रति वफादार कर्मठ तथा एकानामी की अवतार थीं। दादी जी का जन्म 25 मार्च 1925 को सिंध



हैदराबाद में हुआ था। महज 13 वर्ष की आयु में वर्ष 1937 में ब्रम्हाकुमारीज के संपर्क में आ गई थी। धीरे-धीरे ज्ञान योग में उनकी लगन बढ़ती गई। सन 1956 से 1969 तक मुंबई में सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान साकार ब्रम्हा बाबा के साथ 32 साल साथ रही। 50 हजार ब्रम्हाकुमारी पाठशाला तथा 6000 सेवा केंद्र खोले। आपने सन 1954 में जापान में आयोजित विश्व शांति सम्मेलन में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया था।

ज्ञात हो कि बीके माउंट आबू की मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने विगत 8 अप्रैल को अपना नश्वर देह का त्याग किया था। राजऋषि भवन में 20 अप्रैल को उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

### बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

द कम्पिटिशन एकेडमी नगरी में डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। बच्चों ने अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संविधान के महत्व को बताया। एकेडमी के डायरेक्टर इंदु पटेल ने भी संविधान में लिखी गयी बातों को जीवन में अमल करने कहा। संविधान को पढ़ना केवल शिक्षा के उद्देश्यों को पाना ही नहीं है। आगे कहा कि जिस तरह मानस सम्मेलन के जरिये रामचरित मानस का मंचन होता है, ठीक उसी तरह हमारे भारतीय संविधान मंचन होना चाहिए जिससे समूचे भारत के नागरिक को संविधान की जानकारी हो सके। इससे देश में होने वाले हिंसा, भ्रष्टाचार एवं दुष्कर्म थमेंगे और एक स्वच्छ लोकतंत्र का निर्माण होगा। कार्यक्रम में एकेडमी के सभी बच्चे तथा स्टाफ मौजूद थे।

# गौ सेवा को जनांदोलन बनाने की पहल

- श्रीराम गौशाला सिलीडीह द्वारा गौ ग्राम जनजागरण यात्रा निकाली जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन, छग राज्य गौसेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल के निर्देशन में श्रीराम गौशाला सिलीडीह द्वारा गौ ग्राम जनजागरण यात्रा हेतु रथयात्रा निकाली गई। इस दौरान विभिन्न गांवों का भ्रमण कर गौ सेवा, आत्मनिर्भर गौ ग्राम, स्वदेशी विचार और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यात्रा का नेतृत्व गौमाता की प्रतिकृति युक्त विशेष वाहन करेगा, जिसके साथ-साथ प्रतिदिन गौ आरती, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, ग्रामजन संवाद और ग्रामवासियों की सहभागिता से जनजागरण किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और स्वदेशी चेतना को





पुनर्जीवित करने का महाअभियान है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र को गौ आधारित आत्मनिर्भर ग्राम के रूप में विकसित करने की दिशा में जनमत तैयार करना है। यात्रा के माध्यम से गौमाता की महिमा, ग्राम्य स्वावलंबन, भारतीय संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ज्योति जैन अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा भठेली, सिंधु बैस जनपद सदस्य, गौशाला ट्रस्टी दुलार सिन्हा, पूर्णिमा साहू सरपंच जोरातराई अ, सरपंच प्रतिनिधि देवांगन, उपसरपंच रामविशाल साहू उपस्थित थे।

# पचपेड़ी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

- 9वीं का परीक्षा परिणाम 62 .8 प्रतिशत रहा, प्रथम साधना रही

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में शिक्षा सत्र 2024-25 का स्थानीय परीक्षा परिणाम शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश राम साहू, विनय कुमार साहू सरपंच, सतीश जैन जनपद उपाध्यक्ष कुरूद, सदस्य संतोष यादव, मोहरसिंह साहू, गुलजारराम साहू, राकेश पटेल उपसरपंच, भगवती राम साहू, नारदराम साहू एवं आनंद विश्वकर्मा की उपस्थिति में घोषित किया गया। अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन में परिश्रम के महत्व को बताया।



असफलता को सफलता की कुंजी बताते हुए परिश्रम कर अपना तथा माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करने की बात कही।

कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 62.8 प्रतिशत रहा। 9वीं में साधना प्रथम, हिना द्वितीय एवं कुमारी रुपाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय का परीक्षा परिणाम 64.4 प्रतिशत रहा। कुमारी गायत्री पिता खेमराज प्रथम, कुमारी चेतना द्वितीय एवं कुमारी लोकेश्वरी पिता युवराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्यारहवीं विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। दामिनी प्रथम, लक्ष्मी पिता भिरेंद्र द्वितीय, रितु तृतीय रही। कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। रीना प्रथम, सारिका द्वितीय एवं योगेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे ने संस्था के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए हर्ष जताते हुए उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को बधाई दी तथा असफल छात्रों को निराश न होकर कड़े परिश्रम कर सफलता प्राप्त करने की बात कही।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू, साहूकार साहू, मेघराज साहू, कमलेश कुमार कंवर स्थानीय परीक्षा प्रभारी, बसंत कुमार साहू, हरिश्चंद्र पटेल, बीएल टंडन, मिथलेश कुमार सिन्हा, पारसमिणी साहू, प्रदीप मानिकपुरी, मीना सिन्हा, पुष्पलता ठाकुर, जानकी वर्मा, सुरेश कुमार निषाद, प्रमिला बारले एवं हेमेंद्र कुमार मेश्राम उपस्थित थे।

# ग्रामीण अंचल में आवास योजना में छूटे परिवारों का हो रहा सर्वे

- कोई भी पात्र परिवार आवास के लाभ से वंचित न हो : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में आवास योजना में छूटे परिवारों का सर्वे जनपद ग्राम पंचायत के कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। सरकार की योजना है कि कोई भी पात्र परिवार इस योजना के लाभ से वंचित न हो।

जनपद पंचायत गुरूर की अध्यक्ष सुनीता साहू ने बताया कि उनके द्वारा स्वयं जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर आवास योजना का



लाभ दिलाने के लिए गांवों में सर्वे किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मिर्रीटोला, आनंदपुर में पात्र हितग्राहियों का आवास प्लस 2.0 के माध्यम से सर्वे किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू के साथ सीईओ जनपंद पंचायत गुरूर श्री रात्रे, जनपद सदस्य हेमंत साहू, कौशल्या चंद्रवंशी, संजय साहू, आवास मित्र शेखर सिन्हा सहित सरपंच एवं पंचगण शामिल थे। जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने सर्वेयर से कहा कि सर्वे बार-बार नहीं होता इसलिए कोई भी पात्र परिवार आवास के लाभ से वंचित न हो। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान आवास प्लस 2.0 एप्लीकेशन के जरिए स्थायी प्रतीक्षा सूची और आवास प्लस सूची से वंचित परिवारों का सर्वे किया जा रहा है।

गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी का वार्षिक सम्मेलन हुआ

# विधायक ने समाज को दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी का वार्षिक सम्मेलन हुआ। यह आयोजन गोंडवाना समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक उन्नति पर केंद्रित रहा।

मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि गोंडवाना समाज की गरिमा हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और सामाजिक एकता में निहित है। हमें अगली पीढ़ियों के लिए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। विशेषकर बेटियों को स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता टिकेश्वर ध्रुव अध्यक्ष ने





की। विशिष्ट अतिथि रामप्रसाद मरकाम संरक्षक, डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, बिंदा नेताम संरक्षक, संतोष नेताम अध्यक्ष उपक्षेत्र टांगापानी, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, गरिमा नेताम सदस्य जिला पंचाय, प्रमोद कुंजाम सदस्य जनपद पंचायत, सतरूपा तामोवंशी गोंडवाना समाज सेवा समिति, मोहन कुरू अध्यक्ष कर्मचारी प्रभाग, जोहरलाल चंद्रवंशी, डोमार ध्रुव , सुरेंद्र नेताम, हरक मंडावी, वेदप्रकाश मंडावी, पोखन नेताम, शत्रुघ्न मरकाम, ईश्वर मंडावी थे। सम्मेलन में अतिथियों ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ की जाएगी। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन शिविर लगाया जायेगा। सांस्कृतिक महोत्सव का वार्षिक आयोजन किया जायेगा। ग्राम स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार कर समाज को सशक्त बनाया जायेगा।

### जनपद सदस्य ने किया पीएम आवास सर्वे



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर मोर दुआर साय सरकार के आवास प्लस 2.0 तहत पीएम आवास के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का सर्वे ग्राम पंचायत पहंदा में चल रहा है। जनपद सदस्य कविता सिन्हा ग्रामीणों के घर जाकर सर्वे कर रहे हैं जिसमें ग्राम रोजगार सहायक का सहयोग मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### मवेशी तस्करों को पुलिस ने दबोचा, बाइक और पिकअप वाहन जब्त

**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस ने मवेशी की तस्करी करने वाले चार तस्कार को मवेशियों का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। आरोपी तस्कर मवेशियों को चार पहिया वाहन में भरकर महाराष्ट्र ले जा रहें थे। परिवहन करते समय दो व्यक्ति बाइक में सवार होकर पिकअप वाहन के आगे आगे चल रहें थे, जिससे मवेशियों के परिवहन में किसी प्रकार का बाधा न हो और पुलिस से भी बचा जा सके। आरोपियों के कब्जे से मवेशियो के साथ एक पिकअप वाहन व एक मोटर सायकल को जप्त किया गया। पुलिस को 20 अप्रैल को जानकारी मिली कि पित्तेभोड़या क्षेत्र की ओर से मवेशी तस्कर सफेद रंग के पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4717 में मवेशी को क्रुरतापूर्वक भरकर हांकेर जंगल होते महाराष्ट्र के कत्लखाना ले जा रहे है और एक मोटर सायकल पल्सर बिना नम्बर लाल काला रंग से पिकअप वाहन के आगे आगे पायलेटिंग कर रही है। पुलिस ने जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस हांकेर जंगल की ओर नाकाबंदी के लिए रवाना हुआ। पीव्ही 133 डेम पगडंडी रास्ता की तरफ से एक पिकअप वाहन के आगे-आगे पायलेटिंग करते मोटर सायकल पल्सर आ रही थी। दोनों वाहन को घेराबंदी कर रोककर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4717 का तलाशी लिया। पिकअप वाहन के अंदर 5 नग मवेशी बछड़ा व बैल जिसकी कुल कीमत लगभग 20 हजार रुपए को क्रुरता पूर्वक मवेशियों के गले, पैर को रस्सी में बांधकर ठूंस- ठूंसकर भरा हुआ मिला। पिकअप वाहन में बैठे व्यक्ति को कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम पीव्ही 36 निवासी 47 वर्षीय दिलीप राय पिता स्व. सुरेन राय ने बताया कि वाहन में भरे मवेशी को कत्लखाना महाराष्ट्र ले जा रहे हैं।

### सिंगारभाट में सहायक आरक्षक से दो युवकों ने की मारपीट



**कांकेर।** सिंगारभाट के अचानक बस्ती में अपनी पहचान वाले के घर गए सहायक आरक्षक के साथ उसी मुहल्ले के दो युवकों ने सहायक आरक्षक के साथ मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे अंतागढ़ थानांतर्गत ग्राम पोरण्डी निवासी 45 वर्षीय बालसिंग ध्रुव पिता सते सिंग ध्रुव ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में बरदेभाटा कांकेर में निवासरत हैं।सहायक आरक्षक के पद पर थाना सिकसोड़ में पदस्थ हूं। 20 अप्रैल को शाम करीबन साढ़े 6 बजे सिंगारभाट के अचानक बस्ती निवासी बिरेन्द्र जाड़े के घर मिलने के लिए गया था। वहाँ पर उपस्थित दो युवक राम कुमार नेताम तथा उसका अन्य एक साथी मुझे देखकर कहने लगे कि तुम कहाँ के रहने वाले हो और यहां क्यों आए हो। ऐसा कहते हुए आरोपी दोनों युवक विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगे। सहायक आरक्षक ने दोनों आरोपी युवकों को गाली देने के लिए मना किया। परंतु दोनों आरोपी युवक गाली देते हुए कहने लगे कि आज तुझे जान से मार डालेंगे। आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्का व थप्पड़ से मारपीट करने लगे। आरोपी राम कुमार नेताम के द्वारा ईट से हमला करने पर मेरे चेहरे, सिर, मुंह, बांए आंख, गाल, नाक व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आई व खून निकलने लगा। जैसे तैसे उनसे बचकर कांकेर थाना पहुँचा और पुलिस को जानकारी दिया। पुलिस ने ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया और शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राम कुमार नेताम व अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

लापरवाह इंजीनियर पर हो सकती है कार्रवाई

# निगम ने किसान की जमीन पर बना दिया नाला, शिकायत के बाद लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगा है। शहर में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें निगम ने किसान की जमीन पर नाला बना दिया। शिकायत के बाद नाला निर्माण पर स्टे लग गया है। जांच के बाद संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई हो सकती है।





ग्राम मुजगहन में बने सीवेज प्लांट में पानी ले जाने के लिए नगर निगम नाला बना रहा है। 6 करोड़ की लागत से एलएलआरएम सेंटर से पीजी कालेज गेट तक 1175 मीटर नाला का निर्माण किया जा रहा है। यह नाला आगे कनेक्ट होकर सीवेज प्लांट तक पहुंचेगा। वर्तमान में जो नाला निर्माण हो रहा है, उसमें निगम की लापरवाही सामने आई है। सोरिद निवासी किसान जगदीशराम ध्रुव ने बताया कि बिना अनुमति के नगर निगम ने उसकी जमीन पर नाला तैयार कर दिया है। उसके बगैर जानकारी के 11 डिसमिल जमीन में नाला का निर्माण हो गया है। जानकारी होने के बाद कलेक्टर से शिकायत की गई। पटवारी से चर्चा के बाद अधिकारियों ने निर्माण कार्य पर रोक लगाई है। उनकी जमीन पर नाला बनाने के लिए निगम जिम्मेदार है। यदि निगम उसकी जमीन से निर्माण हटा लेता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा है कि नाला का निरीक्षण करने पर पता चला कि किसान की निजी जमीन पर नाला बना दिया गया है। शासकीय काम से पहले ले-आउट तैयार किया जाता है जिसमें निजी और शासकीय जमीन का पता चलता है। ले-आउट तैयार करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि निगम अब रूट बदलकर दूसरी ओर नाला बनाना चाहता है। सड़क के उपर नाला बनाने की प्लानिंग है। यह सड़क सालभर पहले बनी है। निगम अधिकारियों की लापरवाही से शासन को दोनों तरफ से नुकसान होगा।

### प्रभारी ईई और उप अभियंता को नोटिस

निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड से लेकर पीजी कालेज तक 1175 मीटर का नाला तैयार किया जा रहा है जिसमें कुछ हिस्सा किसान की जमीन में आ गया है। इस मामले में संबंधित इंजीनियर को नोटिस तामिल करने को कहा गया है। जांच के बाद कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि किसान की जमीन पर बने नाले को तोड़कर दूसरी ओर निर्माण किया जाएगा।

# पट्टा भूमि पर सड़क बनाने और हुक्का पानी बंद करने की शिकायत

- कलेक्टर ने तहसीलदार को जांच के दिए निर्देश
- जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जनदर्शन में जिले के दूरदराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। उन्होंने कुकरेल तहसील के माकरदोना गांव में शासकीय पट्टे से मिली भूमि पर बीएमडब्ल्यू सड़क बनाने और आवेदकों का हुक्का-पानी बंद करने की शिकायत पर तहसीलदार को तत्काल जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में लोगों ने बैंक द्वारा बिना कारण खाता होल्ड करने, ससुराल पक्ष द्वारा घर से निकालने लेकर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन किए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अति महत्वपूर्ण आवेदनों को अपने मोबाइल से फोटो लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी त्वरित कार्रवाई के लिए भेजा है।

जनदर्शन में कुकरेल तहसील के माकरदोना निवासी रामाधार साहू ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके शासकीय पट्टे की जमीन पर बिना पूछे ग्रामवासियों द्वारा बीएमडब्ल्यू रोड बना दिया गया है। शिकायत में यह भी बताया कि यह शासकीय पट्टा उनके पिता को मिला था तथा पिता की मृत्यु के बाद पुत्रों द्वारा आपसी बंटवारा कर आजीविका चला रहे हैं। इसका नया खसरा भी इन्हें जारी किया जा चुका है। रामाधार साहू ने बताया कि ग्रामवासियों द्वारा जबरन बीएमडब्ल्यू सड़क बनाने के बाद उन्होंने अपनी पट्टे की भूमि के खसरे और रकबे की सही माप के लिए लगातार कई बार संबंधित पटवारी व आरआई को सीमांकन करने आवेदन दिया है, लेकिन आज तक उनके पट्टे की भूमि का सीमांकन नहीं किया गया है। उल्टे ग्रामवासियों ने एकजुट होकर उनके परिवार का हुक्का-पानी बंद कर दिया है। कलेक्टर ने इस प्रकरण की तत्काल जांच के लिए कुकरेल के तहसीलदार को निर्देशित किया है। इसी तरह ग्राम रांवा निवासी तरूण साहू ने ग्रामीण बैंक की तरसींवा शाखा में अपने बचत खाता को अनावश्यक रूप से बैंक द्वारा होल्ड करने की भी शिकायत की। सांकरा की सरोज बघेल ने पति की मृत्यु के बाद अपनी सास और जेठ के द्वारा मारपीट कर घर से निकाले जाने की शिकायत जनदर्शन में की। उन्होंने अपने आश्रित बच्चों के उचित पालन-पोषण के लिए कार्रवाई की गुहार लगाई। कलेक्टर ने इस प्रकरण में धमतरी एसडीएम और विधिक सेवा संवर्ग द्वारा कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## वन अधिकार प्रमाण-पत्र की मांग



- वार्ड पार्षद मिक्की गुप्ता सहित वार्डवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पंचायत नगरी के श्रीराम नगर वार्डवासियों ने वन अधिकार प्रमाण पत्र तथा पट्टा प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है। सोमवार को श्रीराम नगर वार्ड क्र. 3 की पार्षद श्रीमती मिक्की लक्ष्मीकांत गुप्ता सहित वार्डवासियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वार्डवासी पिछले कई वर्षों से वनभूमि में काबिज हैं। काबिज जमीन का मकान, बिजली, पानी, सम्पत्ति कर का भुगतान नगर पंचायत को किया जा रहा है। वार्ड में केवल अनुसूचित जनजाति के लोगों को वन अधिकार प्रमाण पत्र तथा पट्टा दिया गया है। अन्य जाति के लोगों को दावा फार्म भरवाया गया है लेकिन आज तक प्रमाण-पत्र तथा पट्टा नहीं मिला है। पार्षद सहित वार्डवासियों ने वार्ड में निवासरत सभी परिवारों को वनाधिकार प्रमाण पत्र तथा पट्टा प्रदान करने की मांग की है।

## कुकरेल में पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

कुकरेल आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र एक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और माताओं को बेहतर पोषण देना, टेक्नोलॉजी के जरिए जुड़ाव बढ़ाना, बच्चों मे कुपोषण व एनीमिया जैसी नई चुनौतियों से निपटने के बारे में जानकारी दी। पोषण पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य बच्चों व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार देना, स्वास्थ्य की नियमित जांच करानी है। महिलाओं को संतुलित, सक्रिय और स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य चन्द्रकला साहू, भीषम साहू, पंच दुलेश्वरी, सविता भारद्वाज, सुकिता यादव, युवरानी सिन्हा, नूतन साहू, वर्षा नेताम, दिनेश्वरी साहू, सरोज मंडावी, जयंत्री सेन, पूजा सेन, कचरी ध्रुव मौजूद थीं।

## ग्रामीणों ने मैहान साहेब से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम सिवनीकला के चंदनबाग कबीर आश्रम में 21 अप्रैल को कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर से संत मंडलियों के मुख्य आचार्य वरिष्ठ मैहान साहेब पहुंचे। इस मौके पर समीपस्थ क्षेत्र की संत मंडलियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बुरहानपुर से संत भूपेंद्र साहेब, माध्येश्वर साहेब, गौरव साहेब, जितेंद्र साहेब महासमुंद, बलवन साहेब ढेठा, संत बालेश्वर साहेब कबीर आश्रम सिवनीकला, पंकज साहेब अटंग शामिल हुए। इस अवसर पर भक्तों ने मैहान साहेब का पुष्पहार से स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री साहेब का सत्संग हुआ।

एक घंटे के सत्संग में उन्होंने जीवन के उद्देश्यों, लक्ष्य प्राप्ति सहित मानव जीवन में शांति जैसे गंभीर विषयों पर सारगर्भित उपदेश दिया।

सत्संग सुनने टेकराम साहू जनपद सदस्य, लता ध्रुव सरपंच, सुशील साहू पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरूद, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, दीपदान साहू उपसरपंच, सुरेश तारक ग्राम पटेला, जितेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, किशन पटेल पंच, सुरेश साहू पंच, खिलावन चंद्राकर, कृष्णा तारक, चंद्रप्रकाश, डाहरू राम, रामेश्वर, डीलेन्द्र, रामस्वरूप, लोमश साहू, अंकुश चंद्राकर, अवध, शीतल, गिरधर, रामआसरा, राजकुमार, काशी तारक, केवल, बीजू, बोधन साहू मौजूद रहे।

# भामाशाह जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

- परिक्षेत्र साहू समाज रूद्री में 23 अप्रैल को जयंती पर होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दानवीर भामाशाह की जयंती के उपलक्ष्य में परिक्षेत्र साहू समाज रूद्री द्वारा 23 अप्रैल बुधवार साहू समाज भवन रूद्री में भामाशाह जयंती महोत्सव मनाया जायेगा। शोभायात्रा, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, प्रतिभा सम्मान समारोह सहित विविध कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 18 ग्रामों के समाजजन शामिल होंगे। साहू समाज रुद्री के पदाधिकारी पुराणिक साहू ने बताया कि प्रातः 8 बजे भक्त माता कर्मा एवं भामाशाह की महाआरती के बाद कलश यात्रा प्रातः 8:30 बजे निकलेगी।

रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक होगा। विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम भी रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक, प्रमुख अतिथि अरूण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, धमतरी करेंगे।

अतिविशिष्ट अतिथि श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी, विशिष्ट अतिथिगण गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, लक्ष्मीनाराण साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ, केशव साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, गोपाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज धमतरी, श्रीमती अनीता यादव जनपद सदस्य रूद्री, श्रीमती लक्ष्मी तरूण बयां सरपंच रूद्री, श्रीमती पार्वती साहू जनपद सदस्य सोरम, श्रीमती डोमेश्वरी साहू सरपंच श्यामतराई, फागूराम साहू सरपंच भटगांव होंगे। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावानों का सम्मान किया जायेगा। रात्रि में छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगझरोखा का कार्यक्रम रखा गया है।

# तीन महिलाओं की हुई गोदभराई बालक तेजस का कराया अन्नप्राशन

- डोमा में पोषण पखवाड़ा व महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम पंचायत डोमा के यादव समाज सामुदायिक भवन में पोषण पखवाड़ा सह महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग समिति की अध्यक्ष जनपद सदस्य श्रीमती देवहुति साहू, जनपद सदस्य श्रीमती फागेश्वरी साहू, जनपद सदस्य श्रीमती भारती साहू, सरपंच गुंजनराम साहू, मुकेश साहू वार्ड पंच, श्रीमती योगेश्वरी साहू, कुंजलाल साहू, बृजभान साहू थे।

महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी ग्रामीण परियोजना अधिकारी श्रीमती प्राची शर्मा ने पोषण पखवाड़ा से संबंधित स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी दी। पीएचई विभाग से जय किशन मेश्राम ने जल संवर्धन पर जानकारी दी। आयुष विभाग से डॉ रिचा त्यागी ने शिशु के प्रथम 1000 दिवस एवं उनके स्वास्थ्य से संबंधित आयुष की जानकारी दी। आरएचओ टाकेश्वर साहू एवं एएनएम श्रीमती केसरी साहू उपस्थित थे।

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से लोकेश उपस्थित थे। शिविर में गर्भवती महिलाओं श्रीमती खुशबू सेन, श्रीमती टिकेश्वरी केंवट, श्रीमती नंदनी साहू की गोद भराई की गई। बालक तेजस साहू का अन्नप्राशन करवाया गया। डेविश यादव और लव्यांश साहू को स्वस्थ बच्चा होने के कारण सम्मानित किया गया। शिविर में पोषण स्वास्थ्य की जानकारी देने के साथ



बाल विवाह रोकने की शपथ ली गई। रेडी टू इट का इंस्टॉल लगाकर पोषण का संदेश दिया गया। मौके पर पर्यवेक्षक श्रीमती तारकेश्वरी साहू, श्रीमती रेणुका साहू, मनीषा बोरघरिया, तरुण यादव करुणा साव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बिरझा साहू, श्रीमती सुशीला साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# सट्टा खिला रही दो महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिला रही दो महिलाओं को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7200 रुपए जब्त किए।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से विंध्यवासिनी वार्ड स्थित गौशाला मैदान के पास दो महिला द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिलाने की सूचना मिली। कोतवाली व साइबर की टीम तत्काल गौशाल मैदान के पास पहुंची जहां दो महिलाएं लोगों से पैसा लेकर सट्टा पट्टी नामक जुआ खिलाते पाई गई।

पुलिस को देख सट्टा लिखवा रहे अन्य लोग भाग गए। पुलिस ने आरोपिया सुल्ताना बेगम पति फिरोज खान उम्र 53 वर्ष रामबाग धमतरी व मेहरून निशा पति इकबाल अहमद उम्र 50 वर्ष रामबाग निवासी को छग जुआ अधिनियम 2022 की धारा 6/ख





जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। आरोपिया के कब्जे से सट्टा-पट्टी समेत नगदी 7200 रुपए जब्त किया गया है।

### सब्जी बाजार क्षेत्र बना सटोरियों का गढ़

रामबाग स्थित सब्जी बाजार के आसपास दिनभर सटोरिया सक्रिय रहते हैं। इस क्षेत्र में पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं भी सट्टा-पट्टी लिखती हैं। यहां स्थिति ऐसी है कि सट्टा खेलने वालों की बजाय खिलाने वालों की संख्या अधिक है। इन सटोरियों की पुलिस के पास नामजद जानकारी होने के बाद भी कड़ी कार्रवाई नहीं किया जाना अनेक सवाल को खड़ा करता है।

## पोषण पखवाड़ा : गांव-गांव पहुंचेगा जागरुकता रथ



- जनप्रतिनिधियों ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

पोषण पखवाड़ा के तहत जनपद पंचायत अध्यक्ष कुरुद श्रीमती गीतेश्वरी साहू एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कुरुद श्रीमती ज्योति चंद्राकर ने संयुक्त रूप से महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कुपोषण दूर करने में पोषण संबंधी जागरूकता लाने की शपथ भी दिलाई गई।

गौरतलब है कि सरकार द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा चलाकर महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस दौरान घरेलू उपायों से बच्चों को कुपोषण मुक्त होने की जानकारी दी जा रही है। सोमवार को बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए सामाजिक जागरूकता हेतु पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जीवन के सुनहरे 1000 दिन बच्चेके सर्वांगीण विकास की नींव संदेश के साथ पोषण पखवाड़ा रथ महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं ग्रामों में भ्रमण कर लोगों को कुपोषण के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की सभापति सिंधु बैस, पार्षद मनीष साहू, सीईओ अमित सेन, परियोजना अधिकारी सरिता कुशवाहा, मूलचंद सिन्हा, यशवंत गंजीर, पर्यवेक्षक रेणुका साहू, सोमलता शुक्ला, हीरा बघेल, जयश्री, सेक्टर प्रभारी शहरी व सिर्री की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कार्यालय के कर्मचारीगण श्रीवास, प्रीतिक दर्रो, उमेश देशलहरे उपस्थित थे।

## सम्मान सभा व समरसता संगोष्ठी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा सह समरसता संगोष्ठी का आयोजन 22 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 2 बजे से जैन स्थानक भवन सिहावा चौक में किया जा रहा है। मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल होंगे। सहवक्ता संभाग सह प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही होंगे। अध्यक्षता सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी करेंगी।



जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विभिन्न समाजों के बीच समरसता का वातावरण बनाना तथा अंबेडकर जी की सामाजिक समरसता की नीति को जन-जन तक पहुंचाना है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर ने किया सम्मान

**मगरलोड।** स्कूल में बोलेगा बचपन खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर ने प्राथमिक शाला गिरौद के शिक्षक माखनलाल साहू और शिक्षिका श्रीमती नेमिन साहू को सम्मानित किया। जिले के 19 शिक्षकों को शिक्षण सामग्री प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख चंद्रशेखर सेन समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।



**खबर संक्षेप**



## प्रयास प्रवेश परीक्षा में 3,345 विद्यार्थी हुए शामिल

**कांकेर**। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल दिन रविवार को किया गया। जिसमें जिले के सभी विकासखण्डों के कुल 03 हजार 345 परीक्षार्थी चयन परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसके लिए कुल 03 हजार 958 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 613 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिले में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

## सामान्य सभा की तिथि बदली अब 23 को होगी आयोजित

**कांकेर**। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 अप्रैल को जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में अपरान्ह 2 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में नियत की गई थी। उक्त तिथि को आयोजित बैठक को अपरिहार्य कारणों से बदलते हुए अब 23 अप्रैल बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने सर्वसंबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने कहा है।

## ट्रक और ट्रेलर के बीच हुई टक्कर, ट्रक चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

**कांकेर**। कुलगांव के पास ट्रक क्रमांक सीजी 18 एच 2199 का चालक अपने ट्रक को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रेलर को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे ट्रेलर के सामने भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रेलर चालक ने थाना में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे पंजाब के जिला अमृतसर तहसील सिलका अंतर्गत ग्राम पिंड सिंधवान निवासी 28 वर्षीय दीपक सिंह पिता बलकार सिंह ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में गुरूदेव सिंह ढिल्लो कुर्सीपार भिलाई के पास ड्रायवरी का काम करते हैं। 19 अप्रैल की रात को ट्रेलर क्रमांक एनएल 01 एएच 5671 को लेकर सिंमगा से सामान लोड कर चेन्नई जाने के लिए निकाला था। अगले दिन 20 अप्रैल को शाम करीबन साढ़े 7 बजे ग्राम कुलगांव के पास पहुंचा था कि सामने से आ रही लौह अयस्क से भरी ट्रक क्रमांक सीजी 18 एच 2199 का चालक अपने ट्रक को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मेरे ट्रेलर को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे ट्रेलर के सामने का भाग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। एक्सीडेंट से मेरे बांए पैर और दाहिने हाथ में चोंटे आई हैं। आरोपी ट्रक चालक ने ट्रेलर के ड्राइवर हिस्से की तरफ ठोकर मारा।

ग्राम जयपुर जिला कांकेर की महिला का एक निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

# महिला की मौत, परिजनों ने लगाया डाक्टर पर गलत उपचार करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्वास की बीमारी से पीड़ित महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने डाक्टर पर गलत उपचार करने का आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार झरना दास पति मथुरादास उम्र 55 वर्ष ग्राम जयपुर थाना गुण्डाहूर जिला कांकेर निवासी को 10 अप्रैल को बुखार व सांस लेने में परेशानी हो रही थी। पुत्र संजयदास ने इलाज के लिए उसे 11 अप्रैल को धमतरी के गुप्ता हास्पिटल में भर्ती कराया था। उस दिन महिला की स्थिति ठीक थी। 12 अप्रैल को महिला की हालत बिगड़ने लगी। यह देख संजय ने अपने चाचा हरिमोहन दास को 14 अप्रैल को फोन कर अस्पताल बुलाया।

हरिमोहन 17 अप्रैल को गुप्ता अस्पताल पहुंचा। उस दिन भी अस्पताल में भर्ती झरना दास की हालत और ज्यादा खराब हो गई तब हरिमोहन ने डा.तिग्गा से बात की। डाक्टर ने



मरीज की स्थिति को पहले से ठीक बताया। हरिमोहन ने मरीज को अस्पताल से छुट्टी कराकर दूसरी जगह जाने की बात कही। इस पर डाक्टर ने दो तीन दिन में मरीज के ठीक हो जाने का आश्वासन दिया। हालत नहीं सुधरती देख हरिमोहन ने दोबारा डा.तिग्गा से बात की लेकिन डाक्टर ने दूसरे दिन से मरीज का खाना शुरु कराने की बात कही।

मरीज की छुट्टी नहीं होते देख परिजन श्यामकुमार तिवारी ने डा. तिग्गा को मरीज के ठीक नहीं होने पर रिफर कर देने की बात करते हुए जहां उपचार कराया जा सके उस अस्पताल का नाम लिखकर देने के लिए कहा। इस पर डाक्टर ने एक दिन का समय मांग कर दूसरे दिन बताने की बात कही। उसके बाद श्यामकुमार ने डा.तिग्गा को कई बार फोन लगाया लेकिन डाक्टर ने फोन नहीं उठाया।

आखिरकार 21 अप्रैल की सुबह 5.10 बजे महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। मृतिका के पुत्र संजयदास ने गलत उपचार के कारण अपनी मां झरना दास की मौत होने की आशंका जताई है। यह बात मृतिका के पुत्र संजय दास ने पुलिस को दिए बयान में कही है।

### महिला हार्ट व लंग्स की बीमारी से पीड़ित थी : डा. सुमित गुप्ता

इस मामले में गुप्ता हास्पिटल के संचालक डा. सुमित गुप्ता ने बताया कि महिला को निमोनिया था। वह काफी समय से हार्ट व लंग्स की बीमारी से पीड़ित थी। उसे 8 दिन पहले उपचार के लिए आईसीयू में भर्ती किया गया था।

# लोक अदालत विवादों के समाधान का बेहतर माध्यम : दुर्गेश



- विधि संकाय में वैकल्पिक विवाद समाधान पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि विद्यार्थियों द्वारा वैकल्पिक विवाद समाधान अंतर्गत सेमिनार का आयोजन किया गया। विधि विभाग अध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद ने कहा कि लोक अदालत विवादों के समाधान का बेहतर माध्यम है। इससे विवादों का निपटारा बहुत ही सरल और आसानी से हो जाता है। विद्यार्थी कामेश ने कहा कि लोक अदालत में निष्पक्ष एवं सरल न्याय प्रदान होता है। झरना ने कहा कि लोक अदालत का प्रथम आयोजन गुजरात के जूनागढ़ जिले में हुआ था। इसके प्रणेता न्यायाधीश भगवती थे। निधि पटेल ने विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न प्रावधानों पर जानकारी दी।

धनेंद्र ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। ऋषि दुबे ने कहा कि न्यायालय की प्रक्रिया से हटकर जब विवादों का समाधान करते हैं तो उसे वैकल्पिक विवाद समाधान के तहत निपटारा कहते हैं। ममता साहू ने कहा कि आपसी सहमति से विवादों का निपटारा होता है। प्रियंका देवांगन ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के निर्धन वर्ग को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करनी है।

संकल्प शर्मा ने सुलह अधिनियम की जानकारी दी। समीर जैन ने कहा कि छोटे विवादों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से होता है। अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कानूनी जागरूकता बढ़ाने कानूनी शिविर की निरंतर आवश्यकता है। अमोघ दीवान ने कहा कि विवादों के समाधान के विभिन्न माध्यम हैं।

समर्थन मूल्य पर चना बेचने वाले किसानों को जल्द भुगतान का आग्रह

# चने की राशि के भुगतान के लिए कलेक्टर ने एपीसी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी के बाद किसानों को राशि का भुगतान अब जल्द ही हो जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने चने की राशि के जल्द भुगतान के लिए राज्य के कृषि उत्पादन आयुक्त से आग्रह किया है। श्री मिश्रा ने इस संबंध में एक अर्धशासकीय पत्र भी कृषि उत्पादन आयुक्त को भेजा है।

उन्होंने आशा जताई है कि जल्द ही चना बेचने वाले किसानों को उनकी राशि का भुगतान उनके बैंक खातों में कर दिया जाएगा। जिले में एक मार्च से समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी की गई है। इसके लिए जिले में आठ सहकारी समितियों में उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इन सभी उपार्जन केन्द्रों में एक हजार 760 चना उत्पादक किसानों ने 16 हजार 369 क्विटल चना समर्थन मूल्य पर बेचा है। किसानों को पांच हजार 650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष जिले में व्यापक पैमाने पर फसल चक्र परिवर्तन अभियान चलाया गया था। इस अभियान के कारण जिले में दलहन फसल का कुल क्षेत्र 15 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 30 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से जिले के 10 हजार 777 किसानों ने लगभग 11 हजार 750 हेक्टेयर रकबे में लगी चने की फसल को बेचने के लिए पंजीयन कराया है। समर्थन मूल्य पर चना खरीदी के लिए सभी विकासखण्डों में आठ उपार्जन केन्द्र खोले गए हैं। केन्द्रीय एजेंसी एनसीसीएफ को जिले में चना उपार्जन के लिए नामित किया गया है।

अब तक 16 हजार 369 क्विंटल चने का उपार्जन किया जा चुका है, परन्तु एजेंसी द्वारा किसी भी किसान को चने की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। कलेक्टर ने एपीसी को भेजे पत्र में आग्रह किया है कि उपार्जित चने का भुगतान नहीं होने से किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को समय पर उनके उत्पाद का दाम दिलाने के लिए कलेक्टर ने संबंधित एजेंसी को निर्देशित करने का आग्रह कृषि उत्पादन आयुक्त से किया है।

# भामाशाह ने मातृभूमि व समाज की रक्षा के लिए अपनी संपति को किया दान

- ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव द्वारा साहू सदन बेलरगांव में दानवीर भामाशाह जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम भक्त कर्मा माता और दानवीर भामाशाह के छायाचित्र की पूजा अर्चना व आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अतिथि आदेश्वर साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण साहू बेलरगांव, सनातन साहू संरक्षक, प्रदीप साहू कोषाध्यक्ष, डोमार सिंह साहू पूर्व संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी, सुभाष चंद साहू पूर्व महासचिव नगरी, ,टिकेश्वर साहू पूर्व तहसील अंकेक्षक नगरी, उमेश साहू, यतेन्द्र साहू मंडल बेलरगांव, चुन्नुलाल साहू पूर्व अध्यक्ष संचालक मंडल, रामू साहू पूर्व महासभा थे। डोमार सिंह साहू एवं टिकेश्वर साहू ने कहा कि भामाशाह तैलिक वंश के थे। वे महान देशभक्त और दानवीर थे जिसकी ख्याति पूरे मानव समाज में है। उन्होंने अपनी मातृभूमि व समाज की रक्षा के लिए पूरी संपति का दान कर दिया। उनकी दानवीरता से प्रेरणा लेकर समाज का सही उत्थान सुनिश्चित कर सकते हैं। मौके पर नारद साहू, तीरथ साहू, पुष्पा साहू, हिराऊराम साहू, देवेंद्र साहू, बिंद राम साहू, भगवान साहू, पंकज साहू, मोहन सार्वा, अमरचंद साहू, धनश्याम साहू, लीलाम्बर साहू, टेकराम साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## शिविर में 80 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला में एमजीएम अस्पताल रायपुर द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से बुजुर्गों की आंख का परीक्षण करके उन्हें उनके नंबर के अनुसार निःशुल्क चश्मा दिया गया। परीक्षण पश्चात संतू यादव, बिसेसर ध्रुव, लीलूराम साहू, पंचू राम साहू, कुंवर घृतलहरे, थनवारिन बाई ध्रुव की आंख का डॉक्टर की टीम द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इस अवसर पर मरीजों के सहयोग हेतु सरपंच लता ध्रुव, दीपदान साहू उपसरपंच, टेकराम साहू जनपद सदस्य, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर मौजूद रहे। शिविर में लगभग 80 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया और उन्हें चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया।

# मुख्यमंत्री निवास घेराव में जिले के एनएसयूआई कार्यकर्ता हुए शामिल



- बेटियों की सुरक्षा में सरकार पूरी तरह विफल : राजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

21 अप्रैल को दुर्ग में मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और छग में बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया गया। इस आंदोलन में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे और प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

धमतरी जिले के एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। राजा देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटियों की सुरक्षा से सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती और सरकार जवाबदेही नहीं निभाती, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। यह आंदोलन जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने का प्रयास है।

इस दौरान अरविन्द यादव, नोमेश सिन्हा, ओमप्रकाश मानिकपुरी, चितेन्द्र साहू, सुदीप सिन्हा, धर्मेंद्र पटेल, कमल साहू, त्रिभुवन मंडावी, बसंत सिन्हा, विवेक यदु, अमन गोस्वामी, उमेश साहू, तेजप्रताप साहू सहित दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रक्त दानदाताओं को दिया हेलमेट

- दानवीर भामाशाह की जयंती पर साहू समाज ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



दानवीर भामाशाह की जयंती पर तहसील साहू सदन नगरी में भक्त माता कर्मा, दानवीर भामाशाह की आरती पूजन पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साहू समाज ने इस बार नई पहल की। रक्तदान करने वाले लोगों को हेलमेट प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में कंवलराम साहू, सहदेवराम साहू, पुनीतराम साहू, अरुण सार्वा, पेमन साहू, हृदय लाल साहू, योगेशकुमार साहू, अनिरुद्ध साहू, मुलेश साहू, जन्मेजय साहू, सुभाष साहू, खेमेंद्र साहू, संतोष कुमार साहू, लक्ष्मीकांत साहू, दीपेश साहू, रोशन साहू, हेमलता साहू, साजन साहू, अलका साहू, भुनेश्वरी साहू, भूपेंद्र साहू, योगेश साहू सचिव युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज मौजूद थे।

# सही आहार से ही स्वस्थ जीवन संभव है : रामू



- महापौर ने पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला धमतरी द्वारा आयोजित पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत जागरूकता रथ को महापौर रामू रोहरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के माध्यम से जिलेभर में संतुलित आहार और सही पोषण के महत्व को लेकर जनजागरूकता फैलाई जाएगी। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि संतुलित आहार और सही पोषण हमारे जीवन की नींव है। स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर व्यक्ति विशेषकर बच्चे, महिलाएं और गर्भवती माताएं पोषणयुक्त भोजन प्राप्त करें।

इस जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचेगा कि सही आहार से ही स्वस्थ जीवन संभव है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि पोषण संबंधित जानकारी को अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि हम एक स्वस्थ और सशक्त धमतरी का निर्माण कर सकें।

# भखारा में हटाया गया अतिक्रमण

**अंवरी**। भखारा के वार्ड क्रमांक 13 में खोमचा एवं वार्ड क्रमांक 1 से अतिक्रमण हटाया गया। मौके पर भूपेश चंद्राकर तहसीलदार भखारा, उमाकांत तिवारी थाना प्रभारी भखारा, चंद्रप्रकाश साहू राजस्व प्रभारी सहित पूरा स्टॉफ मौजूद रहा।



# झरिया गंधर्व समाज की हुई बैठक



- पठार सरपंच एवं मगरलोड परिक्षेत्र अध्यक्ष का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

झरिया गंधर्व समाज की जिलास्तरीय बैठक दुगली बाबा बाहरराय प्रांगण में हुई। ईष्टदेव शंकर भगवान बाबा बाहरराय की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत पठार सरपंच एवं मगरलोड परिक्षेत्र के अध्यक्ष दुलार सिंह गंधर्व को सम्मानित किया गया। मौके पर गंधर्व समाज के जिलाध्यक्ष दीनदयाल गंधर्व, सचिव वासुदेव मरकाम, कोषाध्यक्ष हरेंद्र टाडेंश, सिहावा परिक्षेत्र अध्यक्ष गणेशराम गंधर्व, कुकरेल परिक्षेत्र अध्यक्ष राजकुमार चालकी, बसंत टाडेश, मोहन जालेश, रामकुमार, धर्मेंद्र सोनवानी, मीडिया प्रभारी भोज सोनवानी समेत अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।





7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,

यात्रा दिनांक: 04 जून 2025, 26 जुलाई 2025, 13 अगस्त 2025, 10 सितंबर 2025, 11 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा

संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा

91111-11866, 82757-57579

Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री

02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732

लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज

पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज

बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक

विशेषताएं- स्थायी ईलाज

पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ

सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)

डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी

मो. 86027-50020